राज एक्सप्रेस
सच कहने का साहस और सलीका

मध्य प्रदेश

सीधी पेशाब कांड पर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने कलेक्टर-एसपी को भेजा नोटिस

सीधी पेशाब कांड: एक वीडियो पिछले दिनों वायरल था जिसमे एक युवक ने आदिवासी व्यक्ति पर सिगरेट पीते हुए पेशाब कर दी थी, नोटिस का जवाब कलेक्टर और एसपी को एक सप्ताह के अंदर देना होगा।

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने सीधी कलेक्टर-एसपी को भेजा नोटिस RE-Bhopal

gurjeet kaur

Published on : 10 Jul, 2023, 5:33 pm · 1 min read

हाइलाइट्स:

- राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने सीधी पेशाब कांड मामला संज्ञान में लिया।
- NCST ने कलेक्टर और एसपी को नोटिस जारी किया।
- कलेक्टर और एसपी को एक हफ्ते में इसका जवाब देना होगा।

Sidhi News: सीधी पेशाब कांड एक बार फिर चर्चा में हैं। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग **(NCST)** ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए कलेक्टर और एसपी **(SP)** को नोटिस जारी किया है। इस नोटिस का जवाब कलेक्टर और एसपी को एक सप्ताह के अंदर देना होगा। सीधी का एक वीडियो पिछले दिनों वायरल था जिसमें एक युवक ने आदिवासी व्यक्ति पर सिगरेट पीते हुए पेशाब कर दी थी।

सोशल मीडिया **(Social Media)** पर एक वीडियो वायरल था। जिसमें भाजपा नेता प्रवेश शुक्ला आदिवासी युवक पर पेशाब करते नजर आया था। इस घटना के बाद मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट कर प्रवेश शुक्ला को गिरफ्तार करने एवं कड़ी सजा देने के निर्देश दिए थे। वहीं गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बताया था कि, सीधी जिले की घटना बेहद अमानवीय और निंदनीय है। मुख्यमंत्री ने घटना के आरोपी के खिलाफ NSA लगाने के भी निर्देश दिए थे। सीएम शिवराज के निर्देश के बाद बहरी थाना में FIR दर्ज करने के बाद पुलिस चप्पे-चप्पे पर तैनात हो गई थी। पुलिस द्वारा देर रात तक छापामार कार्रवाई के बाद आरोपी प्रवेश शुक्ल को पकड़ लिया गया था।

इसके बाद आरोपी प्रवेश शुक्ल के घर पर बुलडोजर चला दिया गया था। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर लिखा था कि, *जरूरत पड़ी तो मामा जी अपराधियों को 10 फुट जमीन के नीचे भी गाड़ देंगे।*

*ताज़ा समाचार और रोचक जानकारियों के लिए आप हमारे **राज एक्सप्रेस यूट्यूब चैनल** को सब्स्क्राइब कर सकते हैं। यूट्यूब पर @RajExpressHindi के नाम से सर्च कर, सब्स्क्राइब करें।*